हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



## खबर संक्षेप



### मां सिद्धिदात्री जनकल्याण समिति ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

**कोरबा।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर मेरा युवा भारत कोरबा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में मां सिद्धिदात्री जनकल्याण समिति बांकीमोंगरा द्वारा वृद्धजनों का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित वृद्धजनों का समिति द्वारा गमछा श्रीफल भेंट कर एवं फूलमाला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर मुन्नालाल साहू अध्यक्ष, रामनारायण चौहान सचिव, कन्हैया लाल घृतलहरे, पन्नालाल साहू, राम प्रसाद साहू, भागीरथी साहू, मुन्ना पटेल, छेदीलाल अनंत, पवन कुमार, केडी महंत, अमरु दास, मोहितराम साहू, बेनूलाल साहू, हितेश कुमार, लीलाधर साहू बैजनाथ शर्मा, श्रीमती अगरबाई साहू, लता चौहान, रामायण दास दीवान, रत्ना गिरी नारायण सहित वृद्धजन उपस्थित रहे।

### गांधी व शास्त्री जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन



**कोरबा।** गुरुवार को महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। बुद्ध विहार में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना के पूर्व महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर मुख्य अभ्यागत कैप्टन मुकेश अदलखा, श्रीमती लता द्वारा माल्यार्पण किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना की शुरुआत प्रातः स्मरामि हृदि संस्फुरद आत्मा तत्वम से हुई। सरस्वती वंदना, गुरु महिमा, रघुपति राघव राजाराम, जय बोलो सत धर्मों गीत के बाद सभी धर्मों की व्यक्तिगत प्रार्थना की गई। एक मिनट की मौन प्रार्थना के बाद वी शैल ओव्हरकम, हर देश में तू का गायन हुआ। शांति पाठ के साथ सर्वधर्म प्रार्थना सभा का समापन किया गया। इस दौरान सहायक राज्य आयुक्त (गाइड) पुष्पा शांडिल्य, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) गनेशी सोनकर, गाइडर रेणू श्रीवास्तव, नमिता कड़वे, शुभम ढिमोले, रोवर लीडर राजू साहू, जगन्नाथ सिंह नेताम, रोवर्स, रेंजर्स, स्काउट्स, गाइड्स तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

### युवा कांग्रेस द्वारा गांधी-शास्त्री जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान



**बांकीमोंगरा।** अरदा चौक में गांधी व शास्त्री के जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा के सहयोग से चलाया गया। अभियान में नवरात्र के बाद क्षेत्र में फैला कचरा हटाया गया। इस अभियान का उद्देश्य महात्मा गांधी के स्वच्छता और सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष रहमान खान ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण बताया था। उन्होंने जोर दिया कि स्वच्छ समाज ही स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। अरदा मंडल उपाध्यक्ष दिनेश आदिले ने लाल बहादुर शास्त्री के योगदान को भी याद किया, जिन्होंने अपनी सादगी, ईमानदारी और जय जवान जय किसान के नारे से देश को नई दिशा दी। उन्होंने ग्रामीणों से इन महान नेताओं के जीवन मूल्यों को आत्मसात कर सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि इसे हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाना होगा। इस मौके पर युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष रहमान खान, अरदा मंडल उपाध्यक्ष दिनेश आदिले, युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र यादव, महासचिव शत्रुहन पटेल, ब्लाक उपाध्यक्ष सदबीर निर्मलकर, पुरातन दास, शनिदेव, रवि पटेल, नवीन कंवर, दुबराज कंवर, भगवानदास, रामनारायण चौहान, मनोजदास उपस्थित थे।

## विजेता व प्रतिभागी का किया गया सम्मान

# साइकिल थान का आयोजन, आयुक्त सहित 36 प्रतिभागियों ने काफी प्वाइंट को किया फतह




साइकिल थान को हरीझंडी दिखाकर करती महापौर व अन्य।




विजेता प्रतिभागी को पुरस्कृत करते महापौर एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त की पहल पर कोरबा में पहली बार 53 किलोमीटर लंबे साइकिल थान का ऐतिहासिक आयोजन किया गया।

**खास बात**

- महापौर एवं सीईओ जिला पंचायत ने टीपी नगर से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं जिला पंचायत के सीईओ दिनेश कुमार नाग ने टीपीनगर चौक से साइकिल थान को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। साइकिल थान में निगम आयुक्त सहित 36 प्रतिभागियों ने काफी प्वाइंट को फतह किया।

स्वच्छ शहर व स्वच्छ गांव-स्वच्छ तन व मन-निर्मल पर्यावरण की थीम को लेकर माउंटेन राइड आन व्हील्स की तर्ज पर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की पहल पर साइकिल थान का आयोजन हुआ। जिसमें निगम, जिला व पुलिस प्रशासन, खेल विभाग, वन विभाग, साइकिलिंग संघ आदि के सहयोग से किया गया। टीपीनगर चौक से बालको होते हुए काफी प्वाइंट तक और फिर उसी मार्ग से वापसी करते हुए नगर निगम कार्यालय साकेत भवन तक कुल 53 किलोमीटर लंबे इस ऐतिहासिक साइकिल थान में आयुक्त श्री पाण्डेय सहित कुल 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें 36 प्रतिभागियों ने काफी प्वाइंट को फतह करते हुए अंतिम छोर तक पहुंचे तथा फिर साकेत भवन तक वापसी की यात्रा भी पूर्ण की। प्रतियोगिता में 18 वर्षीय दिव्यांशु सिंह ने 1 घंटे 39 मिनट 25 सेकेण्ड में यह यात्रा पूर्ण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं लक्ष्य रात्रे 1 घंटा 41 मिनट में यह यात्रा पूरी कर दूसरे स्थान पर रहे, जबकि संतोष गुप्ता ने 1 घंटे 41 मिनट 2 सेकेण्ड में यह यात्रा पूरी की तथा प्रतियोगिता का तीसरा स्थान अर्जित किया। इसी प्रकार महिला प्रतिभागियों में अनम सिद्दीकी प्रथम स्थान पर रही व अनसुईया कंवर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं टाप टेन के चौथे स्थान पर राम पटेल, पांचवे स्थान पर जुनैद खान, छठवें स्थान पर नैतिक तिवारी, सातवें स्थान पर पुस्कर तिवारी, आठवें स्थान पर देवांशु भानु, नौवें स्थान पर अमितेश सिंह एवं दसवें स्थान पर जाहिद अली रहें। विजेताओं व प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र व नगद राशि प्रदान किया गया।

**3 क्विंटल प्लास्टिक कचरा एकत्र**

पर्यावरण स्वास्थ के साथ-साथ इस आयोजन की प्रमुख थीम स्वच्छता व साफ-सफाई भी थी, निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी की देखरेख में इस आयोजन के दौरान निगम की स्वच्छता टीम ने काफी प्वाइंट की वादियों व सम्पूर्ण मार्ग के आक्सी जोन से 3 क्विंटल प्लास्टिक कचरा एकत्र किया तथा एक अभियान के रूप सम्पूर्ण मार्ग की साफ-सफाई की।



शस्त्र पूजा करते आरएसएस के सदस्य।

# भारत के साथ अनेक देशों में पहुंचा संघ : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तक अपना विस्तार जारी रहता है। यहां पर वर्ष की सुनिश्चित गतिविधियां तय की जा रही हैं। संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत कार्यक्रम जारी है। इस कड़ी में पोड़ी उपरोड़ा खंड और पसान मंडल में विजयादशमी पर्व का आयोजन किया गया। यहां शस्त्र पूजन संपन्न हुआ।

**खास बात**

- आरएसएस ने ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया विजयादशमी उत्सव

पसान मंडल में आयोजित कार्यक्रम में राजकुमार पांडेय मुख्य वक्ता रहे। शहीद भगत सिंह शाखा में आयोजित कार्यक्रम में श्री पांडेय ने अपनी बात रखी और कहा कि संघ ने 1925 में शून्य से शुरूआत की और सौ साल के बाद अब भारत सहित सौ से ज्यादा देशों में अपनी पकड़ बनायी। भारत में जहां संघ कार्य आरएसएस के नाम से चल रहे हैं वहीं विदेशों में हिन्दू संघ सेवक संघ के नाम से लोगों को संगठित किया जा रहा है। उन्होंने बीते सौ वर्षों के सफर को चार कालखंड में बांटा और उतार चढ़ाव को स्पष्ट किया। पोड़ी उपरोड़ा खंड के तानाखार, बिंझरा, तुमान और पोड़ीउपरोड़ा में विजयदशमी पर शस्त्र पूजन किया गया। बताया गया कि आगामी दिनों में ग्रामीण क्षेत्र के अनेक स्थानों पर उत्सव आयोजित होंगे। आयोजित सभी कार्यक्रमों में खंड संघचालक, कार्यवाह, मुख्य शिक्षक सहित स्वयंसेवक व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# दशहरा उत्सव समिति दादर ने आयोजित किया जसगीत एवं रावण दहन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति दादर द्वारा आयोजित जस गीत और रावण दहन का आयोजन इस वर्ष भी भव्यता और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। जय श्रीराम के गगनभेदी नारों और चमकदार आतिशबाजी के बीच बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाया गया। शुक्रवार को बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। मां महाकाली और श्रीराम की सेना की आकर्षक झांकियों ने आयोजन को भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम बना दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के मुख्य आतिथ्य व महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह एवं महामंत्री युवा मोर्चा नरेंद्र देवांगन के गरिमामय उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ा दी। भक्तिमय और उत्सवपूर्ण आयोजन को जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी सहित मंचस्त अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि विजयादशमी का यह पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम ने इसी दिन रावण का वध कर धर्म और मर्यादा की स्थापना की थी। यह पर्व हमें संकल्प दिलाता है कि हम अपने जीवन में नकारात्मकता, ईर्ष्या, क्रोध और बुराइयों को समाप्त कर सच्चाई, सद्भावना और मानवता के मार्ग पर चलें। दशहरा का त्यौहार शक्ति, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। समाज और राष्ट्र की उन्नति के लिए हमें मिलजुलकर कार्य करना चाहिए। अतिथियों ने जिलेवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्यता की मंगलकामना की।



जसगीत में शामिल अतिथि एवं प्रतिभागी।

# बस स्टैंड हरदीबाजार में बाजे गाजे के साथ किया गया मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन



माँ दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन करने जाते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

नवरात्र के 9 दिन तक प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम करने के पश्चात दुर्गा मैया की प्रतिमा का बड़े ही धूमधाम से गाजे बाजे के साथ नम आंखों से विसर्जन किया गया। बस स्टैंड के दुर्गा पंडाल से दुर्गा माता के प्रतिमा को बस स्टैंड से कॉलेज चौक,कॉलेज चौक से बस स्टैंड होते हुए बस्ती रोड हरदीबाजार के तालाब में हाइड्रा से माता की प्रतिमा को विधि विधान से पूजा पाठ करते हुए विसर्जन किया गया। इस अवसर पर मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के अध्यक्ष निलेन्द्र राठौर, सचिव विनय चंद्राकर, कोषाध्यक्ष नवनीत गुप्ता, आचार्य हीरालाल पांडेय, सुरेंद्र राठौर, सुर्या यादव, दुर्गेश डिक्सेना, पंकज धुरवा, बजरंग यादव, नरेंद्र अहीर, तरुण डिक्सेना, रमेश राठौर, जयप्रकाश राठौर, वीरेंद्र पटेल, डॉ गणेश प्रभुवा, देवेश शर्मा, राजू गुप्ता, बंटी राठौर, पंडा रमेश दास महंत, आनंद सिंह, महावीर डिक्सेना, हेम साहू, रामलाल प्रजापति, यक्ष आदित्य, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय, किशोर यादव, कांति राठौर, राजू राठौर, राहुल यादव, रमेश प्रजापति, आकाश जायसवाल, समीर जायसवाल, धनंजय धुरवा, बॉबी राठौर, संजय राठौर, चंदराम यादव, आसुतोष बंजारे, बबला मरकाम, विकास कंवर, प्रताप कंवर, परमेश्वर निर्मलकर, विकास राठौर, प्रवीण गुरुद्वान, राहूल डिक्सेना, विक्की यादव, राहुल राठौर, शिवम जायसवाल, शिवा राठौर, वैभव राठौर, राहुल प्रजापति, बाबा यादव के अलावा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**बारिश में भी दिखा भक्तों का उत्साह**

पुराना दीपका रोड़ में पंडाल बनाकर नौ दिनों तक मातारानी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सेवा किए साथ ही नौ दिन तक देवी भागवत कथा का रसपान भगवताचार्य रमाकांत महराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। हवन पश्चात महाआरती की गई शुक्रवार को मां नवदुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों एवं स्थानीय श्रद्धालु ने मातारानी को बरसते बारिश में नम आंखों से गाजे-बाजे के साथ भाटापारा स्थित मुंडाभाठा तालाब में विसर्जित किया गया। इस दौरान समिति से आशोक डिक्सेना, उमेश वस्त्रकार, अभिषेक राठौर, बजरंग कौशिक, विक्की जायसवाल, संजू राठौर, पिंटू राठौर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिला पुरुष व बच्चे शामिल रहे।



# उरगा–कुसमुंडा नई रेल लाइन पर माल यातायात परिवहन की मिली अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत उरगा से कुसमुंडा तक 12.637 किलोमीटर लंबी नई विद्युतीकृत ब्रॉडगेज रेल लाइन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। यह रेल खंड छत्तीसगढ़ ईस्ट-वेस्ट रेल कॉरिडोर (गेवरा रोड–पेन्ड्रा रोड) नई रेल परियोजना का महत्वपूर्ण अंग है। इस नई रेल लाइन के शुरू होने से क्षेत्र में माल यातायात की क्षमता और सुगमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और उद्योगों एवं कोयला उत्पादन क्षेत्रों को निर्बाध परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

**खास बातें**

- 12 .637 किमी लंबी विद्युतीकृत लाइन का काम हुआ पूरा
- ईस्ट–वेस्ट रेल कॉरिडोर के अंतर्गत हुआ निर्माण



फाइल फोटो

ईस्ट-वेस्ट रेल कॉरिडोर का काम दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत कई स्टेशनों में चल रहा है। कोरबा रेलवे स्टेशन अंतर्गत कोरबा रोड-पेंड्रा रोड में रेल लाइन बिछाने का काम इसी अंतर्गत किया जा रहा है। इसके अंतर्गत उरगा से लेकर कुसमुंडा तक रेल लाईन बिछाने का काम पूर्ण हो चुका है। अधिकारियों ने इसका निरीक्षण भी किया था। इस रेलखंड से अब गाड़ियाँ उरगा से सीधे कुसमुंडा तक चल सकेंगी, जिससे कोरबा स्टेशन में भीड़-भाड़ में कमी आएगी। 29 सितम्बर को उच्च स्तरीय समिति द्वारा इस नवनिर्मित रेल खंड का निरीक्षण किया गया, जिसमें प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारी सम्मिलित हुए। छत्तीसगढ़ नौकरीकोरबा रियल एस्टेट समिति द्वारा जारी ज्वाइंट सेफ्टी सर्टिफिकेट में यह प्रमाणित किया गया कि यह खंड माल यातायात परिचालन के लिए पूर्णतः सुरक्षित है। रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 22(1) के अंतर्गत आवश्यक प्रावधानों के अनुपालन के पश्चात, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा दिनांक 30 सितम्बर को इस खंड को माल यातायात परिचालन हेतु अधिकृत किया गया । इस रेल लाइन पर प्रारंभिक अधिकतम गति सीमा 30 किमी प्रति घंटा निर्धारित की गई है, जिसे चरणबद्ध रूप से 75 किमी प्रति घंटा तथा बाद में 110 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाया जाएगा। इस नवनिर्मित रेल लाइन के शुरू होने से छत्तीसगढ़ राज्य के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी, खनिज संपदा का परिवहन तेज़ एवं सुगम होगा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

**दबाव होगा कम**

कोरबा रेलवे स्टेशन में पूर्व की तरह मालगाड़ियों का दबाव नहीं रहेगा। कोयला से भरी रेक जो कुसमुंडा से कोरबा रेलवे स्टेशन आया करती थी वह अब सीधे उरगा निकल जाएगी। इससे कोरबा रेलवे स्टेशन और कुसमुंडा के बीच कई फेरे लेने वाले मालगाड़ियों की आवाजाही कम होगी। साथ ही बार बार रेलवे क्रासिंग की समस्या से जूझने वाले आम जनता को भी बार बार फाटक बंद होने की समस्या से निजात मिलेगी।

# पोषण माह अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में चल रहीं विविध गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास के मार्गदर्शन में जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण माह 2025 अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा गतिविधि हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण के साथ-साथ सीखने के केन्द्र के रूप में दर्शाने के लिए पोस्टर, स्लोगन, बैनर इत्यादि के माध्यम से पोषण भी पढ़ाई भी थीम पर स्वदेशी खिलौनों का निर्माण एवं स्थानीय व्यंजनों से संबंधित विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीयता को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी खिलौनों का निर्माण, स्थानीय व्यंजनों का प्रचार-प्रसार, स्थानीय समाग्री से कॉम्प्लिमेंटरी फीडिंग की प्रर्दशनी, स्वच्छता एवं हाथ धुलाई पर प्रशिक्षण, गर्भवती और धात्री माताओं के लिए समुदाय आधारित काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। साथ ही स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने वाले फल सब्जी तथा अनाज से बनाए जाने वाले पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी, पोषण से जुड़े पजल, क्विज भी जोड़ा गया। टीमों को पजल हल करने के लिए स्टेशनों पर रोकने जिसे बच्चों को सिखने में प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न स्थानीय खेलों का आयोजन किया गया तथा पर्यावरण सरंक्षण की शपथ ली गई। स्वास्थ्य, आयुष, शिक्षा, यूनिसेफ, उद्यानिकी, पंचायत व ग्रामीण विकास, विहान, योग आयोग विभाग इत्यादि के साथ समन्वय कर गतिविधियों का आयोजन किया गया।

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## पृष्ठ 3 का शेष

### बड़े भाई को...

लेकिन खुद ही पानी में फंस गया। सूचना मिलते ही पुलिस और नगर सेना की गोताखोर टीम मौके पर पहुंची और तलाश अभियान शुरू किया, लेकिन डेम में पानी का अधिक स्तर और तेज बहाव अभियान को कठिन बना रहा है। पवन के बड़े भाई गणेश सिंह ने बताया कि पवन परिवार में सबसे छोटा और लाडला था, जो मजदूरी कर परिवार की मदद करता था। पुलिस पिकनिक पर आए अन्य युवकों से भी पूछताछ कर रही है ताकि घटना के सभी पहलुओं को समझा जा सके। इस घटना से पूरे इलाके में शोक और चिंता की लहर पैदा कर दी है। वहीं गोताखोरों की टीम लगातार लापता पवन की तलाश में जुटी हुई है।

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 भूविस्थापितों ने बंद कराया गेवरा खदान विस्तार का कार्य



## खबर संक्षेप

### सिकलिंग काढ़ा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन आज

**कोरबा।** वैष्णौ देवी दरबार सीतामणी में सिकलिंग काढ़ा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन 5 अक्टूबर को मध्य वैष्णो देवी दरबार सीतामणी में निःशुल्क सिकलिंग काढा एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित है। जिसमें सिकलिंग काढ़ा पिलाया जाएगा, साथ ही सिकलिंग की पूरी जानकारी सिकलिंग के लक्षण, उत्पन्न होने के कारण, सावधनियों, परहेज, सिकलिंग कुंडली मिलान, वैवाहिक परामर्श दी जावेगी। सिकल सेल स्क्रीनिंग प्रोजेक्ट मेडिकल कॉलेज रायपुर एवं सिकल सेल इंस्टीट्यूट के उद्देश्य को विस्तार से बताया जावेगा। साथ ही भूलवश सिकलिंग प्रभावितों की आपस में भादी हो जाने पर भी सामान्य संतान उत्पन्न होने के उपाय भी बताए जाएंगे। उक्त जानकारी डॉ प्रदीप देवांगन, संयोजक सिकलिंग जागरुकता अभियान जिला कोरबा ने दी।

### मौसम फिर लेगा करवट भारी बारिश की संभावना

**कोरबा।** जिले में फिर से मौसम करवट लेने लगा है। अधिकांश इलाकों में बारिश हुई तो कई क्षेत्रों में उमस रही। मौसम विभाग के मुताबिक, कुछ जगहों पर बिजली गिरने और भारी बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं 5 अक्टूबर से बारिश की गतिविधि में लगातार कमी होने की आशंका है। मौसम विभाग के मुताबिक, एक अवदाब अंदरुनी उड़ीसा के ऊपर स्थित है तथा यह 15 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके शुरुआती दौर में उत्तर उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए अंदरुनी उड़ीसा और उसके बाद उत्तर की ओर आगे बढ़ते हुए उत्तर छत्तीसगढ़ के उपर पहुंचने के बाद, इसके लगातार कमजोर होकर एक चिन्हित निम्न दाब के क्षेत्र के रूप में अगले 24 घंटे में परिवर्तित होने की संभावना है। एक द्रोणिका अंदरुनी उड़ीसा के उपल स्थित अवदाब के केंद्र से उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश तक छत्तीसगढ़ से होते हुए 1.5 किलोमीटर से 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### सेजस में भर्ती के लिए साक्षात्कार कल से

**कोरबा।** जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल में रिक्त पदों पर मेरिट सूची के अनुसार भर्ती प्रक्रिया संपादित की जाएगी। इसके लिए 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक अभिलेख सत्यापन और साक्षात्कार का आयोजन स्वामी आत्मानंद विद्यालय एनसीडीसी कोरबा में किया जाएगा। व्याख्याता, शिक्षक कंप्यूटर शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, सहायक शिक्षक, ग्रंथपाल, प्रयोगशाला सहायक, प्रधान पाठक, सहायक ग्रेड के विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाए गए थे। जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर उपाध्याय द्वारा बताया गया है कि पदवार विषयवार दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार 6 अक्टूबर से आयोजित की जाएगी। 6 अक्टूबर को व्याख्याता भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान, अंग्रेजी सामाजिक विज्ञान तथा गणित विषय 7 अक्टूबर 2025 को शिक्षक विज्ञान, अंग्रेजी,कला, गणित, कंप्यूटर शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, सहायक शिक्षक, ग्रंथपाल पद हेतु अभिलेख सत्यापन और साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। 8 अक्टूबर को प्रयोगशाला सहायक, प्रधान पाठक-प्राथमिक शाला, प्रधान पाठक-माध्यमिक शाला का और 9 अक्टूबर को सहायक ग्रेड दो और सहायक ग्रेड 3 का अभिलेख सत्यापन और साक्षात्कार होगा। सभी पदों के लिए अभिलेख सत्यापन का समय सुबह 9 बजे से 11 तक तथा साक्षात्कार की प्रक्रिया सुबह 11.30 बजे से प्रारंभ होगी।

# किसान सम्मान निधि के अपात्र लोगों को मिली राशि को वसूलने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

किसान सम्मान निधि के अपात्र लोगों को पूर्व में मिली हुई राशि को लेकर सवाल खड़े गये हैं। ऐसे लोगों से जारी की गई राशि को वसूली करने के निर्देश पर अब कार्यवाही शुरु होने लगी है। अपात्रों को राशि मिलने से सरकार को एक बड़ी हानी हुई है। इससे सरकार ने अपात्रों को लेकर निर्देश जारी किये हैं।

जिले में किसान सम्मान निधि राशि के दायरे में आने वाले किसानों की सूची का भौतिक सत्यापन करने के बाद जो लोग अपात्र पाए गए थे उन्हें पूर्व में दी गई राशि को लेकर सवाल भी खड़े हुए हैं। सरकार ने ऐसे लोगों से सम्मान निधि की राशि वसूलने की तैयारी शुरु की है। बताया जाता है कि गलत जानकारी देकर राशि लेने वाले किसानों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए पूर्व में ही केंद्र सरकार ने निर्देश जारी किये थे। दो माह पूर्व उक्त निर्देश के तहत जब सत्यापन की कार्यवाही शुरु हुई तब बड़ी संख्या में ऐसे किसान सामने आये जो इस योजना के दायरे में आते ही नहीं है लेकिन उनके द्वारा इस राशि को पाने के लिए गलत ढंग से जानकारी दी गई थी जिसका सत्यापन में खुलासा हो चुका है। अब सवाल है कि ऐसे लोगों से राशि कैसे वसूली जाएगी। इस खुलासे के बाद अपात्रों में हड़कंप मचा हुआ है, जिनके द्वारा अब तक किसान सम्मान की राशि जब से योजना लागू हुई है प्राप्त करते आये हैं। विभाग भी ऐसे लोगों की सूची तैयार कर रहा है।

### कृषि विभाग कर रहा है सूची तैयार

**खास बातें**
- सत्यापन के दौरान जानकारी आयी अपात्रों के सामने
- राशि वसूलने की हो रही तैयारी



फाइल फोटो

#### जारी किए गए खाता नंबर

अपात्र लोगों को किसान सम्मान निधि की राशि वापस करने के लिए खाता नंबर अभी भी जारी है। अपात्र किसान विभाग के द्वारा जारी बैंक खाते नंबर में राशि वापस कर सकते हैं। पूर्व में राशि जमा कराई गई थी अभी वर्तमान में दबाव जैसी कोई स्थिति नहीं है।

-डीपीएस कंवर, उप संचालक कृषि

### तीन किश्त में जारी होती है राशि

केंद्र सरकार के द्वारा वर्ष में तीन बार किसान सम्मान निधि की राशि जारी की जाती है। 2 हजार रुपए प्रत्येक तीन माह में जारी कर एक वर्ष में 6 हजार रुपए की राशि किसानों को मिलती है। इसके लिए केंद्र सरकार के द्वारा जारी निर्देशों के तहत प्रत्येक किसान को कृषि विभाग के वेबसाइट में जाकर आधार सिडिंग, लैंड सिडिंग के साथ बैंक केवाईसी एवं परिवार सदस्यों की संख्या का विवरण शामिल रहता है। इसके लिए लगातार किसानों को निर्देश जारी किये जाते रहे हैं। दो माह पूर्व जब केंद्र सरकार ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाया तो राज्य को ऐसे फर्जी किसानों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करना पड़ रहा है।

## 6 अक्टूबर को पोड़ी एसडीएम कार्यालय का करेंगे घेराव

# मत्स्य नीति के खिलाफ आदिवासी मछुआरों ने डूबान क्षेत्र में नाव रैली निकालकर किया प्रदर्शन



धरना प्रदर्शन कर विरोध जताते आदिवासी मछुआरे।



नाव रैली निकालते मछुआरे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**
- किसान सभा ने बांगो डेम विस्थापितों को मछली पालन का अधिकार देने की उठाई मांग

हसदेव जलाशय में छत्तीसगढ़ सरकार की मत्स्य नीति 2022 के खिलाफ शनिवार को आदिवासी मछुआरा संघ (हसदेव जलाशय) कोरबा के बैनर तले बड़ी संख्या में मछुआरे एकत्र हुए। इस दौरान नाव रैली निकालकर सरकार द्वारा जारी निविदा को रद्द करने और बांगो बांध प्रभावित परिवारों को मत्स्य पालन का अधिकार दिए जाने की मांग की गई।

इस आंदोलन में छत्तीसगढ़ किसान सभा ने भी समर्थन दिया और चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं की गईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि 1980 के दशक में बांगो बांध बनने से 58 आदिवासी बहुल गांव डूब क्षेत्र में समा गए। विस्थापितों को मुआवजा और पुनर्वास के साथ यह आश्वासन भी मिला था कि उन्हें बांध क्षेत्र में मत्स्य पालन का अधिकार दिया जाएगा। शुरुआत में कुछ वर्षों तक विस्थापित परिवार रॉयल्टी आधार पर मछली पालन करते रहे, लेकिन बाद में सरकार ने बांध को ठेके पर देना शुरू कर दिया। इससे स्थानीय विस्थापित अपने ही जलाशय में मजदूर बनकर रह गए। आदिवासी मछुआरा संघ के फिरतू बिंझवार ने कहा कि 2003 और 2022 की मत्स्य नीति में बड़ी जलाशयों को ठेके पर देने की व्यवस्था को बनाए रखा गया है। मत्स्य महासंघ द्वारा हर दस साल पर निजी ठेकेदारों को बांध सौंपा जाता रहा है। ग्राम केंदई के रामबली और धजाक के अथनस तिर्की ने बताया कि 2015 में दिया गया ठेका जून 2025 में खत्म हुआ है, लेकिन इसके बावजूद फिर से 10 साल की लीज हेतु निविदा जारी कर दी गई है, जिसकी अंतिम तिथि 8 अक्टूबर है। मछुआरों ने ऐलान किया कि वे ठेकेदार के लिए काम नहीं करेंगे और अपनी मांगों को लेकर आंदोलन जारी रखेंगे। आंदोलन के अंत में नाव रैली निकालकर मछुआरा संघ ने घोषणा की कि 6 अक्टूबर को पोड़ी एसडीएम कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### जनसंघर्ष संगठनों का समर्थन

हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति से जुड़े रामलाल करियाम और मुनेश्वर पोरते ने मछुआरों के आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि प्रदेश में जल, जंगल और जमीन से आदिवासियों को लगातार बेदखल किया जा रहा है। इसी तरह छत्तीसगढ़ किसान सभा के दीपक साहू ने भी खनन परियोजनाओं से विस्थापितों की समस्याओं को उठाते हुए हसदेव जलाशय के निजीकरण का विरोध किया।

# बड़े भाई को बचाने कूदा छोटा भाई तेज बहाव में बहा



लापता युवक की तलाश करते गोताखोर, इंसेट में लापता युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बातें**
- राताखार एनीकट डेम में पिकिन मनाने गए थे युवक
- पानी में डूबे युवक की तलाश में जुटी गोताखोरों की टीम

राताखार एनीकेट डेम में कुछ युवक पिकनिक मनाने गए हुए थे। नहाने के दौरान एक युवक पानी के तेज बहाव में डूबने लगा, तब उसके छोटे भाई ने उसे बचाने के लिए पानी में छलांग लगा दी। इस दौरान बड़े भाई को तो पानी से सुरक्षित निकाल लिया गया, पर उसे बचाने के लिए पानी में छलांग लगाने वाला छोटा भाई पानी के तेज बहाव में डूब गया। सूचना मिलने पर पुलिस और नगर सेना की गोताखोर टीम मौके पर पहुंची और युवक को बचाने रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। डेम में पानी का स्तर अधिक होने की वजह से गोताखोरों की लाख कोशिशों के बाद भी अब तक युवक की तलाश नहीं की जा सकी है।

सीएसईसी चौकी क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को राताखार एनीकेट डेम में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां पवन सिंह नामक युवक ने अपने बड़े भाई श्याम सिंह को डूबने से बचाने के लिए पानी में छलांग लगाई, लेकिन तेज बहाव में बह गया और लापता हो गया। श्याम सिंह को तो सुरक्षित बाहर निकाला गया, लेकिन पवन सिंह की तलाश अभी भी जारी है। पवन सिंह व श्याम अपने दोस्तों के साथ डेम पर पिकनिक मनाने गए थे। नहाने के दौरान श्याम डूबने लगा, तब पवन ने उसे बचाने के लिए साहसिक कदम उठाया, ⏭ शेष पेज 2 पर

# एसईसीएल के 30 कर्मचारियों का किया प्रशासनिक स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**
- कोरबा, गेवरा, दीपका और कुसमुंडा क्षेत्र के कर्मचारियों का सीडब्ल्यूएस में हुआ स्थानांतरण

एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार कोरबा, गेवरा, दीपका और कुसमुंडा क्षेत्र के 30 कर्मचारियों का प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरण किया गया है। सभी कर्मचारियों को उनके वर्तमान पद व वेतनमान पर सीडब्ल्यूएस, कोरबा में पदस्थ किया गया है। महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि वे संबंधित कर्मचारियों को तत्काल कार्यमुक्त कर सीडब्ल्यूएस, कोरबा में कार्यभार ग्रहण करने भेजें।

एसईसीएल के जिन 30 कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया है उनमें कोरबा में पदस्थ जनरल असिस्टेंट कैटेगरी-1 मधु प्रसाद, रवि कुमार, उमेश दास, चन्द्रशेखर, दीपक कुमार रात्रे, श्रीमती चांदनी शामिल हैं, इन्हें कोरबा से सीडब्ल्यूएस कोरबा स्थानांतरण किया गया है। इसी तरह गेवरा में पदस्थ जनरल असिस्टेंट कैटेगरी-1 विकास श्रीवास, पुष्पेन्द्र राठौर, बसंत कुमार, अंकित राठौर, श्रीमती आशा देवी सोनी, श्रीमती सरोजनी का स्थानांतरण सीडब्ल्यूएस कोरबा किया गया है। दीपका में पदस्थ जितेन्द्र कुमार, शुभम पाण्डेय, बुधराम सिंह, पुरूषोत्तम लाल यादव, मिलिंद कुमार, जीतेश कुमार, श्रीमती प्रियंका कंवर को भी सीडब्ल्यूएस कोरबा स्थानांतरित किया गया है। बात करें कुसमुंडा में पदस्थ जनरल असिस्टेंट कैटेगरी-1 के अजय पटेल, जितेन्द्र कुमार सोनी, सियाराम साहू, संकटमोचन मिश्रा, अंकित कुमार, सुजीत कुमार शर्मा, ओमप्रकाश राठौर, आयुष्मान शर्मा, संतोष कंवर पाण्डेय, श्रीमती नीलू पटेल, श्रीमती टिशू यादव को भी सीडब्ल्यूएस कोरबा स्थानांतरण किया गया है। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि कर्मचारियों को अपने दस्तावेजों के साथ कार्यभार ग्रहण प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा। एसईसीएल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि यह स्थानांतरण पूरी तरह प्रशासनिक आधार पर किया गया है।

## आदिवासी बाहुल्य पंचायतों का हुआ चयन, ग्राम सभा में तैयार हुए प्रस्ताव

# पंचायतों को केंद्र सरकार से मिलेंगे 20 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार की जवाहर उत्कर्ष योजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों के पिछड़े आदिवासी बाहुल्य पारेटोले को विकसित करने के लिए 20 लाख रुपए की राशि प्रदान की जा रही है। इसके लिए जवाहर उत्कर्ष योजना चलाकर बैठक लिया जा रहा है। जिले में 195 ऐसे आश्रित ग्राम और पारेटोले चयनित हुए हैं जिन्हें उक्त राशि प्रदान की जाएगी।

प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में राज्य सरकार के द्वारा विकास कार्य कराने के लिए दी जाने वाली राशि 50 लाख रुपए कर दी गई है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने अपनी जवाहर उत्कर्ष योजना अंतर्गत उन ग्राम पंचायतों को इसमें जोड़ा है। जो ग्राम पंचायतों के आश्रित ग्रामों में आते हैं एवं पारेटोले हैं तथा पूर्ण रुप से आदिवासी निवासरत हैं। ऐसे पारेटोले और आश्रित ग्रामों को 20 लाख रुपए की राशि जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत उपलब्ध करायी जा रही है। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित की जा रही है तथा कार्यों के प्रस्ताव तैयार किये जा रहे हैं। ऐसे ग्राम पंचायत जिनके पारेटोले में आदिवासी समाज बाहुल्य है। वहां इस योजना को लागू किया जा रहा है। जिसके लिए 2 अक्टूबर को आयोजित ग्राम सभा में कार्यों के प्रस्ताव मांगे गए हैं। जो कार्य उक्त राशि से कराए जाएंगे उसमें तालाबों का निर्माण, पशु आश्रय शेड, सिंचाई कूप निर्माण, छोटी उपनहर का निर्माण, वर्क शेड का निर्माण तथा मत्स्य पालन के लिए तालाबों का निर्माण शामिल हैं। इनको ग्राम सभा में पारित कराना होगा।

### छोटे छोटे वंचित कार्य आएंगे योजना में

ऐसे छोटे छोटे सभी कार्य जिनकी आवश्यकता पारेटोल में बनी रहती है किंतु बड़े कार्यों के प्रस्ताव के कारण ऐसे कार्य छूट जाते हैं। जिसके कारण छोटे छोटे पारेटोले के निवासी मूलभूत विकास कार्यों के लिए भटकते रहते हैं। जवाहर उत्कर्ष योजना से आदिवासी बाहुल्य पंचायतों को ऐसे क्षेत्रों में सभी तरह के छोटे कार्य किये जा सकेंगे। ग्राम पंचायत के सरपंचों को इसके लिए प्रस्ताव तैयार किये जाने लगे हैं। गांधी जयंती के दिन संपन्न हुई ग्राम सभा में कुछ सरपंचों ने अपने प्रस्ताव तैयार कर जनपद पंचायतों में जमा कराएं हैं।

AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113



CAMPUSE VIEW

BMC विद्या ददाति विनयम्
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065

Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

## खबर संक्षेप

### उद्योग मंत्री देवांगन जर्मनी स्विट्जरलैंड के प्रवास पर



**कोरबा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन आगामी 10 दिनों तक जर्मनी और स्विट्जरलैंड के प्रवास पर रहेंगे। जर्मनी में होने जा रहे अनुगा 2025 में सम्मिलित होंगे। अनुगा 2025 खाद्य प्रसंस्करण, उद्योग तथा उससे संबंधित पैकेजिंग, कैटरिंग, रिटेल, तकनीक और ऑर्गेनिक फूड प्रोसेसिंग से जुड़ा विश्व का सबसे बड़ा आयोजन है। इसमें 118 देशों के लगभग 7 हजार 900 प्रतिभागी भाग लेंगे। 200 से अधिक देशों के लगभग 1 लाख 50 हजार आगंतुक अवलोकन के लिए उपस्थित होंगे। इस वर्ष का पार्टनर कंट्री दक्षिण कोरिया है और आयोजन की थीम सस्टेनेबल ग्रोथ एवं इनोवेशन निर्धारित की गई है। इस परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-2030 में उल्लिखित निवेश क्षेत्रों का प्रचार-प्रसार तथा राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में पूंजी निवेश आकर्षित करने के दृष्टिकोण से आयोजन में राज्य शासन की ओर से वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन सम्मिलित होकर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। मंत्री श्री देवांगन शुक्रवार की देर रात नई दिल्ली से जर्मनी के लिए रवाना हुए।

### रजत जयंती उत्सव में डॉ.सुशील किए गए सम्मानित



**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी तोमेश्वर उपाध्याय के नेतृत्व में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ निर्माण के रजत जयंती उत्सव में शिक्षा विभान द्वारा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं नवाचार हेतू राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक डा सुशील तिवारी प्र.पा.शा.पू.मा.वि. उरावपारा पोलमी वि.खं पाली को उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत जिला पंचायत, अध्यक्ष अध्यक्ष डॉ पवन पवन सिंह के हाथों प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर निगम सभापति. नूतन सिंह ठाकुर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सीईओ जिला पंचायत दिनेश नाग कि एवं. शि. आधिकारी उपस्थित रहे।

### महंगी बिजली के विरोध में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन व हस्ताक्षर अभियान



**हरदीबाजार।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दी जा रही महंगी बिजली और दोगुने बिजली बिलों के विरोध में शनिवार को हरदीबाज़ार में यूथ कांग्रेस द्वारा ईशहाक़ ख़ान के नेतृत्व में ज़ोरदार प्रदर्शन किया गया। यह रैली कॉलेज चौक से शुरू होकर बस स्टेशन हरदीबाज़ार तक पैदल निकाली गई। जिसमें कार्यकर्ताओं ने नारेबाज़ी कर सरकार के निर्णय का विरोध किया। प्रदर्शन के दौरान दुकानों व आम नागरिकों के पास जाकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया और महंगी बिजली व दोगुने बिलों के विरोध में समर्थन जुटाया गया।यूथ कांग्रेस का छत्तीसगढ़ प्रदेश की भाजपा सरकार को बिजली दरें और बिल वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### कैज व्हील लगाकर सड़कों पर भरें फर्राटा तो होगी कार्यवाही

**कोरबा।** जिला परिवहन अधिकारी ने निर्देश जारी किया है कि ऐसे ट्रैक्टर जिनका कृषि उपयोग के लिए किया जाता है और वे केवल कैज व्हील लगाकर सड़कों पर ट्रेक्टर का संचालन करते हैं। उनके इस कार्य की वजह से सड़कें खराब होती हैं। उन्हें सूचित किया जाता है कि वे अपने वाहनों को ऐसी स्थिति में सड़कों पर संचालित ना करें, जिससे सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचता है। यदि ऐसा करते हुए पाए जाते हैं तो नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जा सकती है।

## बिना बसाहट दिए कुसमुंडा-हरदीबाजार रोड बंद करने पर जताया विरोध

# भूविस्थापितों ने बंद कराया गेवरा खदान विस्तार का कार्य



धरना प्रदर्शन कर विरोज जताते किसान सभा के पदाधिकारी एवं प्रभावित भूविस्थापित।



प्रबंधन द्वारा खोदी गई सड़क के सामने लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा प्रबंधन ने कुसमुंडा हरदीबाजार रोड को जेसीबी लगाकर अचानक काटना शुरू कर दिया मौके पर दीपका एवं दर्री तहसीलदार और कुसमुंडा थाना प्रभारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात था। बिना बसाहट दिए सड़क काटने को लेकर किसान सभा और आस पास गांव के भूविस्थापितों ने अपना विरोध जताया। आक्रोशित भूविस्थापितों ने सड़क बंद करने के साथ-साथ गेवरा खदान विस्तार का भी विरोध किया। इस दौरान पुलिस, प्रशासन व एसईसीएल प्रबंधन के साथ भूविस्थापितों की नोंकझोंक भी देखने को मिली। भूविस्थापितों के भारी विरोध को देखते हुए आखिरकार एसईसीएल गेवरा प्रबंधन को कामबंद कर वापस लौटना पड़ा।

**खास बात**

- भूविस्थापितों के विरोध को देखते हुए एसईसीएल प्रबंधन को काम बंद कर लौटना पड़ा वापस

किसान सभा ने चेतावनी दी है कि लंबित रोजगार प्रकरणों, छोटे खातेदारों को रोजगार, बसावट की समस्या का समाधान किए बिना नए विस्तार क्षेत्र में खनन कार्य का किसान सभा विरोध करेगी। समस्याओं की ओर कई बार प्रबंधन का ध्यान आकर्षित किया गया है, लेकिन ग्रामीणों की इन समस्याओं के निराकरण के प्रति एसईसीएल गेवरा प्रबंधन गंभीर नहीं है। किसान सभा ने चेतावनी दी है कि यदि ग्रामीणों के रोजगार, पुनर्वास, मुआवजा के सवाल पर प्रबंधन सकारात्मक पहल नहीं करती है, तो 8 अक्टूबर को गेवरा कार्यालय का महाघेराव भी किया जाएगा। किसान सभा के सचिव दीपक साहू ने कहा कि भूविस्थापितों को बसावट दिए बिना गांव की जमीन पर काम करने नहीं देंगे। छग किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि एसईसीएल द्वारा विस्थापित होने वाले प्रत्येक छोटे विस्थापित परिवार को भी नियमित रोजगार देने के साथ विस्थापितों को पुनर्वास की सुविधा और मुआवजा देना होगा। किसान सभा के नेता ने आरोप लगाया की पूर्व में अधिग्रहित ग्रामों के रोजगार, मुआवजा, बसावट के मामले लंबित है और नए विस्तार तेजी से प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है, जिसका किसान सभा आगे भी विरोध करेगी। किसान सभा के रमेश दास ने कहा की एसईसीएल से प्रभावित होने वाले प्रत्येक छोटे-बड़े खातेदारों को स्थाई नौकरी, विस्थापित होने वाले ग्रामों के विस्थापितों को बसावट प्रदान किया जाए और प्रभावित सभी गांवों में बुनियादी पेयजल समस्या का तत्काल समाधान की मांग भी की और कहा कि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज करेंगे। विरोध प्रदर्शन के दौरान दीपक साहू, दामोदर श्याम, रमेश दास, सोनू दास, विवेक दास, भीम दास, कमला पाण्डेय, महेश अग्रवाल, संतोष सागर, शत्रुहन राठौर, पवन जायसवाल सहित आसपास के गांव के प्रभावित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## त्रिपक्षीय वार्ता को खराब मौसम व अतिवृष्टि का हवाला देकर प्रशासन ने किया स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार तहसील में शनिवार को दोपहर 12 बजे एसईसीएल ग्रामीणों व जिला प्रशासन के साथ त्रिपक्षीय वार्ता होनी थी। जिसकी तैयारी में ग्रामवासियों ने अपने कामकाज,खेती किसानी भी बैठक में शामिल होने के लिए टाल दी थी लेकिन हरदीबाजार सरपंच लोकेश्वर कंवर ने बताया कि सुबह 10.30 बजे एसडीएम पाली का पत्र प्राप्त हुआ। जिसमें खराब मौसम व अतिवृष्टि को देखते हुए त्रिपक्षीय बैठक को निरस्त करने और अगामी बैठक के बारे में सूचित करने की बात कहीं गई है। इस विषय में सरपंच ने बताया कि हम सभी ग्रामवासी बैठक में पूरी तैयारी के साथ जाने तैयार थे। सभी अपने-अपने कामकाज, खेती-बाड़ी छोड़ कर इस बैठक में पहुंचने वाले थे कि बैठक निरस्त का पत्र प्राप्त हुआ। बैठक अपर कलेक्टर कोरबा की अध्यक्षता में होनी थी, लेकिन अपर कलेक्टर की ड्यूटी रायपुर में सीएम निवास में लगा दी गई। वहीं एसडीएम के सामने बैठक निरस्त करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं सुझा तो खराब मौसम व अतिवृष्टि का हवाला दिया गया। जबकि सुबह मौसम खराब था 10 बजे के बाद मौसम खुला गया और न ही सुबह से अतिवृष्टि हुई। हरदीबाजार के ग्रामीणों का कहना है कि इस बार जब भी त्रिपक्षीय वार्ता हो तो एसईसीएल दीपका के सीजीएम संजय कुमार मिश्रा या एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से कोई एक सक्षम अधिकारी बैठकर में शामिल हो और ग्रामीणों की मांग पूरी को पूरी करें। इस दौरान अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल एसडीएम रायपुर नंदकुमार चौबे एक आईपीएस, सीएसपी सहित पुलिस बल तैनात रही।

**खास बात**

- ग्रामवासी खेती का काम छोड़कर बैठक में शामिल होने पहुंचे थे

## विजयादशमी पर लायन्स क्लब ने किया भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा




नगर की सामाजिक संस्था लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा विजयादशमी के पावन पर्व पर नगर के मुख्य मार्ग ला सांवरिया मित्तल के घर के बाहर भंडारे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी सदस्यों की उपस्थिति में नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई व पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कटघोरा व जगन्नाथ प्रसाद मित्तल के द्वारा माँ जगत जननी की पूजा अर्चना कर भंडारे की शुरुआत की गई। यह भंडारा शायं 6 बजे से देर रात्रि तक चलता रहा, इस दौरान हजारों की संख्या में नागरिकों ने माँ के भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। क्लब के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि चूंकि कटघोरा नगर का दशहरा आसपास के गांव का मुख्य व आकर्षक होता है। जिसमें सिंघिया, बिंझरा, तुमान, सुतर्रा, जड़गा, पोड़ी, गुर्सिया, मोरगा, रजकम्मा सहित आसपास के लोग दशहरा देखने कटघोरा आते हैं। इस वजह से आज के दिन पूरा कटघोरा नगर में मेला सा माहौल बना रहता है। इस वजह से क्लब के द्वारा हर वर्ष बाहर से आने वालों सहित नगर के नागरिकों के लिए मुख्य मार्ग पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता हैं ताकि बाहर से उसने वालों गरीब परिवार के लोगो का खर्च बच सके व उन्हें खाने पीने के लिए इधर उधर भटकना ना पड़े। इस उद्देश्य से क्लब के द्वारा प्रसाद स्वरूप भंडारे का आयोजन किया जाता हैं। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल ने कहा कि निश्चित ही आज के समय में दुसरों के लिए सोचना बहुत ही पुण्य का कार्य होता है। साथ ही क्लब के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाना अपने आप मे एक बड़ा काम है। निश्चित ही इस भंडारे का सभी वर्ग के लोग लाभ ले रहे हैं। विधायक सहित सभी ने क्लब के द्वारा किए गए इस पुनीत पहल भूरी भूरी प्रशंशा की। इस अवसर पर जिला महामंत्री संजय शर्मा, मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, क्रांति मित्तल, मनोज अग्रवाल, समजीत सिंह, सन्दीप चौबे, डिस्ट्रिक्ट पीआरओ व क्लब संरक्षक अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, संरक्षक अजय गर्ग, घनश्याम शर्मा, दीपक गर्ग, सचिव प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश गोयल, नरेंद्र अग्रवाल, राकेश पांडेय, मुकेश गोयल, सांवरिया मित्तल, अतुल मित्तल, विकेश अग्रवाल, दीपक बंसल, शुभम मित्तल, मुकेश गुप्ता, रीनू अग्रवाल, नितिन मित्तल, निखिल अग्रवाल, विक्की राजपूत, मुकेश मोटवानी, अंकित सिंघल, चिंटू अग्रवाल, भरत अग्रवाल, सुधीर पांडेय, नरेंद्र मित्तल, राकेश शर्मा, लव अग्रवाल, अनूप मानिकपुरी, आयुष मित्तल सहित बड़ी संख्या में निवासी उपस्थित रहे।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लिया खाद्य पदार्थों का सैंपल

**कोरबा।** जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने त्योहारों के बीच 8 प्रतिष्ठानों में जांच की और सैंपल लिए। यह कार्रवाई खाद्य निरीक्षक विकास भगत की अगुवाई में की गई। खाद्य विभाग की टीम ने आठ प्रतिष्ठानों में छापा मार कार्रवाई की उनके बताए अनुसार निम्न दुकानों में जांच की गई। जिसमें शॉपर मार्ट निहारिका से मूंगफली का तेल और सन फ्लावर तेल, कृष्णा बिग बाजार बालको से आचार, रिलायंस जियो मार्ट टीपी नगर बेसन और नमक, अन्नपूर्णा ट्रेडर्स कटघोरा से सूजी, अभिषेक जनरल स्टोर कुसमुंडा से सूजी और साबूदाना, वैभव इंटरप्राइजेस छुरी से दलिया और घी एवं विष्णु जनरल स्टोर जमनीपाली घी का सैंपल लिया गया। इन सैंपलों को जांच के लिए रायपुर स्थित खाद्य लैब भेजा गया है। टीम ने दुकान संचालकों को एफएसएसआई के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई मिलावटी सामान की बिक्री रोकने और त्योहारों के दौरान खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की गई है।

## वेतन भुगतान में देरी, सफाई कर्मचारियों ने किया कामबंद



मुख्य मार्ग के किनारे फैला कचरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकी मोंगरा नपा परिषद के सफाई कर्मचारियों ने कामबंद कर दिया है। सफाई कर्मचारी ने बताया है कि नवरात्री दशहरा का पर्व था, नगर पालिका परिषद के सीएमओ के द्वारा मासिक भुगतान नहीं देने की वजह से कामबंद कर दिया गया है। वेतन भुगतान में हो रही देरी से आक्रोशित सफाई कर्मियों के द्वारा सफाई कामबंद करने से बांकीमोंगरा नगर पालिका में कचरों का अंबार लगा हुआ है। बांकीमोंगरा के सिद्धदात्री मंदिर के पास कचरे का ढेर लगा हुआ है। इसके साथ ही मेन चौक के चारों ओर गंदगी पसरी हुई है। रोजाना दुकाने से निकलने वाली कचरा दुकान दार अपने दुकान के सामने रख देते थे की सफाई कर्मचारी आएंगे ओर उठा कर ले जाएंगे मगर कचरा जस के तस पड़ा हुआ है। बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद के क्षेत्र में विगत दो से तीन दिनों से सफाई कार्य बंद है। सफाई कर्मचारियों को कहना है कि जब तक भुगतान नहीं होगा तब तक सफाई कार्य चालू नहीं होगा। चारों तरफ गंदगी जरूर दिख रही है, ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सीएमओ किसी महामारी का इंतिजार कर रही है। इसीलिए सफाई पर ध्यान नहीं दे रही है, चारों तरफ गंदगी और लगातार बारिश हो रही है। ऐसे में इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि बीमारी ना फैले।

**खास बात**

- बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद का मामला

## एआईसीसी के पर्यवेक्षक खुंटिया आज लेंगे कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश में कांग्रेस जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए पर्यवेक्षक बनाये गये हैं। जिला कांग्रेस कार्यालय से जानकारी के अनुसार प्रदेश के 33 प्रशासनिक जिलों में कुल 41 संगठन जिलों में एआईसीसी ने एक-एक मुख्य पर्यवेक्षक बनाये हैं। वहीं पीसीसी ने सभी संगठन जिलों हेतु मुख्य पर्यवेक्षक के साथ तीन-तीन पर्यवेक्षक बनाये हैं। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं जिला कमेटी शहर के लिये एआईसीसी ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ.आरसी खुंटिया को मुख्य पर्यवेक्षक एवं पीसीसी ने पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, राज्यसभा सांसद छाया वर्मा एवं खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के चेयरपर्सन राजेन्द्र तिवारी को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। वहीं एआईसीसी ने रायगढ़ ग्रामीण एवं शहर कांग्रेस के लिये मुख्य पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सीताराम लाम्बा को दी है। बताया गया है कि कांग्रेस के पर्यवेक्षक डॉ.आरसी खुंटिया 5 अक्टूबर की शाम 6 बजे कोरबा पहुंचेंगे जहां जिले के वरिष्ठतम कांग्रेस पदाधिकारियों एवं सदस्यों से चर्चा करेंगे तथा 6 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे टीपी नगर कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता करेंगे तत्पश्चात 11 बजे जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के कांग्रेसजनों से भेंट मुलाकात कर आवश्यक विचार-विमर्श करेंगे। इसी दिन शाम 4 बजे जिला कांग्रेस शहर के कांग्रेसजनों से भेंट-मुलाकात करेंगे 6 बजे युथ कांग्रेस एवं 7 बजे एनएसयुआई की बैठक लेंगे। इस मौके पर पीसीसी द्वारा बनाये गये पर्यवेक्षक मोहन मरकाम, छाया वर्मा एवं राजेन्द्र तिवारी भी उपस्थित रहेंगे। आरसी खुटिया के कार्यालय से जारी प्रोटोकॉल के अनुसार आरसी खुटिया का कार्यक्रम 5 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक रहेगा, जिसमें वे सुबह 9.30 बजे से रात्रि 8 बजे तक अलग अलग स्थानों पर जिला कांग्रेस ग्रामीण, जिला कांग्रेस शहर, जिले के 15ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, किसान कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, एसटी एससी कांग्रेस, इंटक, प्रेस मीडिया, एनजीओ, एनएसयूआई आदि कमेटियों से मिलेंगे। इसके साथ प्रतिदिन 2 पंचायत एवं 2 मतदान केन्द्रों का दौरा करेंगे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## गांव-गांव जागरुकता शिविर से ग्रामीणों को दी जा रही है कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



उपभोक्ताओं को अनुचित व्यापार व्यवहार, धोखाधड़ी, शोषण से बचाने एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने कोरबा ब्लॉक के ग्राम दोंदरो में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस दौरान आयोग की अध्यक्षा रंजना दत्ता, सदस्यगण ममता दास एवं पंकज कुमार देवड़ा ने ग्रामीणों को उपभोक्ता अधिकारों से अवगत कराया। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा प्रत्येक माह ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सितम्बर माह में कोरबा विकासखण्ड के ग्राम दोंदरो में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आयोग की अध्यक्षा रंजना दत्ता, सदस्यगण ममता दास एवं पंकज कुमार देवड़ा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ई-फाइलिंग, ई-हियरिंग सहित उपभोक्ता कानूनों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अब उपभोक्ता घर बैठे ही ई-फाइलिंग एवं ई-हियरिंग के माध्यम से शिकायत दर्ज कर अपना पक्ष रख सकते हैं। इस अवसर पर आयोग के कर्मचारी संजय शर्मा, राजेश्वर इंग्ले, नूतन राजपूत, गांव के पंच, मितानिन, जनपद सदस्य, कोटवार, वरिष्ठ नागरिक, बालकों थाना में पदस्थ पुलिस कर्मी सहित सैकड़ों महिलाएं व आम नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा उपभोक्ता कानून ई हियरिंग, ई फाइलिंग से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।







